# सागवाडा लाईव न्यूज़



**सुचना-**

विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

SAGWARA LIVE NEWS

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 04 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक ३० | ● पृष्ठ ०४ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in


# पुनाली घाटे में बस लूटने का प्रयास करने वाले बदमाश पर दोवड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एक आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त ईको कार सहित अन्य सामान जब्त






सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ ब्युरो रिपोर्ट/ डूंगरपुर जिले की दोवड़ा थाना पुलिस ने रात के समय लूट के उद्देश्य से बस रोककर मारपीट, शराब पीने के पैसे मांगने और पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त ईको कार, मोबाइल और डंडे भी जब्त किए हैं। पुलिस उप अधीक्षक हनुवंत सिंह भाटी ने गुरुवार दोपहर 2:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी करणसिंह पुत्र दौलतसिंह डाबी निवासी वाड़ा पुनाली, मैनेजर अन्नपूर्णा ट्रैवल्स ने थाने में रिपोर्ट दी कि 8 अक्टूबर की रात लगभग 8 से 8.30 बजे डूंगरपुर से इंदौर जा रही बस जब पुनाली घाटा पहुंची, तभी एक ईको कार ने बस को ओवरटेक कर आगे रोक दिया। कार से 7-8 युवक बेसबॉल और डंडे लेकर उतरे, बस स्टाफ से शराब पीने के पैसे मांगने लगे, बस में घुसने की कोशिश की और पथराव किया। सवारियों के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकले। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच उप निरीक्षक लालसिंह को सौंपी गई। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देश पर सड़क लूटपाट और पत्थरबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एवं वृताधिकारी हनुवंतसिंह भाटी के सुपरविजन में थानाधिकारी भंवर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई।

जिलेभर में नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। पुनाली व बनकोड़ा चौकी पुलिस के साथ थाना टीम ने प्रयास कर वारदात में प्रयुक्त ईको कार व चालक सोहनलाल उर्फ सोहन पुत्र शंकर परमार मीणा (उम्र 25 वर्ष, निवासी कांकरी, थाना दोवड़ा) को गिरफ्तार किया। आरोपी से कार, मोबाइल व डंडे बरामद किए गए। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। दोवड़ा थाना पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश गया है। पुलिस अब शेष फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।




## बिछीवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई — 6 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार (IPS) के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन स्वच्छता" के तहत बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थानाधिकारी कैलाशचन्द्र सोनी के नेतृत्व में पुलिस ने एक टेम्पो में छिपाकर लाई जा रही राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब और बीयर के 147 कार्टन बरामद किए हैं। मौके से मध्यप्रदेश निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना अधिकारी कैलाश चंद्र सोनी ने गुरुवार दोपहर 2:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 09 अक्टूबर 2025 की सुबह पुलिस टीम हेडकॉन्स्टेबल सिद्धराज सिंह मय जाप्ता कस्बा बिछीवाड़ा में गश्त कर रही थी। इस दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक अशोक लीलैंड टेम्पो उदयपुर की ओर से आ रहा है, जिसमें अंग्रेजी शराब और बीयर भरी हुई है और जो गुजरात की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरा पुलिया, एनएच-48 पर नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद टेम्पो आता दिखाई दिया, जिसे रोककर चालक व परिचालक से पूछताछ की गई। संदिग्ध व्यवहार के चलते वाहन को थाने लाकर चैक किया गया। जांच में टेम्पो के अंदर प्लास्टिक कैरेट्स में शराब व बीयर के कार्टन भरे मिले। इसके अलावा वाहन में एक गुप्त कैबिन भी बनाया गया था, जिसमें बीयर के कार्टन छिपाए गए थे। कुल मिलाकर: 147 कार्टन अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद कर रोहित पिता गुलाबराव मराठा (20 वर्ष), निवासी 701, दिग्विजयनगर, विदुरनगर, थाना द्वारकापुरी, जिला इंदौर (म.प्र.) और प्रियांशु पिता दिलीप वाल्मीकि (20 वर्ष), निवासी 9, भीमनगर, विदुरनगर, थाना द्वारकापुरी, जिला इंदौर (म.प्र.) दोनों को गिरफ्तार कर वाहन व शराब जब्त की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है। थाना बिछीवाड़ा, जिला डूंगरपुर थानाधिकारी कैलाशचन्द्र सोनी ने बताया कि जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम को इस सफलता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहा है।

## जीआर इंफ्रा के सबलेट ठेकेदार श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन पर आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

**डूंगरपुर में ऑफिस और घर पर एक साथ छापेमारी, कंस्ट्रक्शन कार्यों से जुड़े दस्तावेजों की जांच जारी**



सागवाड़ा लाईव न्यूज़

डूंगरपुर। गुरुवार सुबह होते ही आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जीआर इंफ्रा के सबलेट ठेकेदार श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठिकानों पर छापेमारी की। टीम ने तिजवड़ स्थित ऑफिस और प्रतापनगर क्षेत्र स्थित आवास पर एक साथ दबिश दी। सुबह करीब 7 बजे दो गाड़ियों में आई इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन टीम ने दोनों जगहों पर कार्रवाई शुरू की, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम ने ऑफिस में मौजूद कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स से जुड़े दस्तावेज, अकाउंट रिकॉर्ड, भुगतान विवरण और बैंक ट्रांजेक्शन से संबंधित फाइलें खंगालनी शुरू कर दी हैं। सूत्रों के अनुसार, श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी नेशनल हाईवे समेत अन्य सड़क निर्माण कार्यों में सक्रिय है और पिछले कुछ वर्षों से जीआर इंफ्रा के कई प्रोजेक्ट्स में सबलेट ठेके ले रखे हैं। आयकर विभाग को संदेह है कि कंपनी के लेनदेन और खर्च के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की गई है, जिसके चलते जांच शुरू की गई है। फिलहाल आयकर विभाग की टीमें दोनों स्थानों पर जांच में जुटी हैं। अधिकारियों की ओर से अब तक मीडिया को आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। स्थानीय स्तर पर पुलिस ने भी छापेमारी स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। स्रोत: आयकर विभाग इन्वेस्टिगेशन टीम की प्रारंभिक कार्रवाई से प्राप्त जानकारी

## शिक्षक के घर 2 लाख कैश, सोने के जेवरात चोरी: डूंगरपुर में दिनदहाड़े चोरों ने की वारदात, मौका मुआयना कर जांच में जुटी कोतवाली पुलिस



डूंगरपुर शहर के शिवाजी नगर में एक सरकारी शिक्षक के घर बुधवार को दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई। चोरों ने घर से 2.20 लाख रुपए नकद और करीब 2.50 लाख रुपए के जेवर चुरा लिए। घटना का पता शाम को चला, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।शिवाजी नगर भू जल विभाग के पीछे रहने वाले उमेश त्रिवेदी सरकारी शिक्षक हैं और उनकी ड्यूटी डूंगरपुर एसडीएम कार्यालय में है। बुधवार को उमेश अपनी ड्यूटी पर थे, उनकी पत्नी एक निजी स्कूल में पढ़ाने गई थीं, और बच्चे भी स्कूल गए हुए थे। दोपहर में कुछ देर के लिए घर आने के बाद उमेश वापस एसडीएम कार्यालय चले गए थे। इसी दौरान, सूने घर में चोर छत के रास्ते से दरवाजा खोलकर अंदर घुसे। चोरों ने अलमारी तोड़कर उसमें रखे 2 लाख 20 हजार रुपए नकद और 2 तोला सोने के जेवर चुरा लिए। शाम को उमेश के घर लौटने पर उन्हें अलमारी खुली मिली, जिससे चोरी का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए। कोतवाली थाने से एएसआई अशोक कुमार जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पड़ोसियों ने कुछ नकाबपोश युवकों को इलाके में घूमते देखा था, जिसके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## राजस्थान में धर्म परिवर्तन पर सख्त कानून, राज्यपाल ने दी मंजूरी

संवाददाता | सागवाड़ा लाईव न्यूज़


जयपुर :राजस्थान में जबरन या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को अब अपराध माना जाएगा, दोषियों को 14 साल तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये भरना होगा जुर्माना, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ रिलिजन बिल, 2025 को मंजूरी दे दी है। *यह बिल 9 अक्टूबर 2025 को औपचारिक रूप से कानून बन गया* , जिसके तहत राज्य अब भारत का 12वां ऐसा राज्य बन गया है जहां ऐसे कन्वर्जन पर सख्त पाबंदियां हैं।

# प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी ने मेताली शिविर का किया औचक निरीक्षण



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ जिला प्रभारी मंत्री एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने गुरुवार को मिताली में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में मौजूद ग्राम वासियों से सीधा संवाद कर योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी ली। उन्होंने शिविर प्रभारी से शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन को सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रमिक कार्ड योजना, सिकल सेल स्क्रीनिंग अभियान, फसल बीमा योजना, 1962 पशुओं के लिए एंबुलेंस, मंगल पशु बीमा योजना, बैलों से खेती में सहयोग राशि योजना, धरती अंबा अभियान आदि अनेक जनकल्याण योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों से जागरूक रहकर पात्रता अनुसार योजनाओं से लाभान्वित होने की बात कहीं। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम वासियों को योजनाओं की पूरी जानकारी देने और अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शिविर में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़ियों ने शिविर प्रगति की जानकारी देते हुए शिविर में फार्मर रजिस्ट्री 36, किसान एप डाउनलोड122, 136 केस में तामील करवाने, आपसी सहमति से बंटवारा दो, नामांकरण 15, स्वामित्व पट्टे वितरण, मूल निवास दो, शुद्धिकरण 21, मंगल पशु बीमा 25, आत्मनिर्भर भारत गरीबी मुक्त अभियान में परिवारों के सर्वे स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय हेतुआवेदन, वृक्षारोपण आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फसल खराब में भी सरकार द्वारा नियम अनुसार सहायता प्रदान की जाएगी क्योंकि किसानों की पीड़ा हमारी पीड़ा है। उन्होंने सिकल सेल स्क्रीनिंग के भौतिक सत्यापन के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने बरसात में मकान गिरने एवं जानमाल की हानि आदि की जानकारी ली जिस पर तहसीलदार ने मकान गिरने की एक मामले में रिपोर्ट आने तथा प्रक्रिया में होने की जानकारी दी। मंत्री खराड़ी ने आईसीडीएस विभाग के माध्यम से गोद भराई करवाई तथा परिसर में वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने पालनहार योजना के अंतर्गत मोगरीध्देवीलाल पटेल आपको पालनहार योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र देकर लाभान्वित किया वहीं बबीता देवी कटारा, जीजा कटारा, हुकी देवी पटेल, सरिता पटेल, सूर्या देवी, संगीता, हकरी कलासुआ, फुलकीदेवी, पानू कलासुआ, कमला देवी कटारा को मंगल पशु बीमा पॉलिसी वितरण कर लाभांवित किया। इस अवसर पर सरपंच काजल देवी, तहसीलदार कमलेश कुमार मीणा, नायब तहसीलदार जिया उर रहमान, विकास अधिकारी डूंगरपुर , समाजसेवी कांतिलाल खराड़ी, सूर्यवीर सिंह चौहान, बाबूलालप्रजापत, गट्टू भाई, मोहन भाई, नाथूराम वार्ड पंच, सहित समस्त अधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।गुरुवार को ग्राम पंचायत वमासा में आयोजित शिविर में पहुंचे प्रार्थी कांतीलाल उपाध्याय ने शिविर प्रभारी को पीएम फसल बीमा योजना के तहत लाभ नहीं मिलना के बारे में अवगत कराया। इस पर शिविर प्रभारी द्वारा तत्काल कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों से तथ्यात्मक जानकारी ली तथा नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए प्रार्थी की खरीफ-2025 में हुए फसल खराबें के लिए बीमा पोलिसी वितरित की गयी।इसी प्रकार शिविर में पहुंचे प्रार्थी प्रभु पुत्र लालू मीणा ने शिविर प्रभारी को अवगत कराया कि राजस्व रिकॉर्ड में पिछले 20 वर्षो से प्रार्थी का नाम प्रभु पुत्र लालू की जगह धुला पुत्र लालू दर्ज है तथा शुद्धि के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इस पर शिविर प्रभारी ने पटवारी हल्का वमासा, भू अभिलेख निरीक्षक सरोदा को नियमानुसार रिकॉर्ड की जांच करने के निर्देश प्रदान किए एवं नायब तहसीलदार निखिल व्यास द्वारा भी रिकॉर्ड परीक्षण किया गया। पटवारी और एवं भू अभिलेख निरीक्षक द्वारा सेटलमेंट जमाबंदी से लेकर वर्तमान जमा बंदियों एवं प्राप्ति के संपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन किया गया, जिसमें पाया गया कि प्रार्थी का संपूर्ण दस्तावेजों में नाम प्रभु पुत्र लालू होना पाया गया जिस पर तहसीलदार द्वारा तुरंत कार्यवाही कर आदेश जारी कर नामांतरण दर्ज करवा कर जमाबंदी की प्रतिलिपि दी गई। ग्रामीण सेवा शिविर काश्तकार का 20 वर्षो से चल रही राजस्व अशुद्धि का समाधान किया गया। इस पर प्रार्थी द्वारा राजस्व टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।







खबर, बिज्ञापन के लिए संपर्क करे

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ - 8209335497

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माह अक्टूबर 2025 में 20 अक्टूबर 2025 को दीपावली 22 अक्टूबर 2025 को गोवर्धन पूजा एवं 23 अक्टूबर 2025 को भाई दूज के त्यौहार,पर्व आयोजित होने से जिले के समस्त जिला स्तरीय,ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि बिना स्वीकृति,पूर्वानुमति के मुख्यालय नही छोडेंगें। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया की बिना स्वीकृति, पूर्वानुमति के मुख्यालय छोडने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## सलूंबर में वार्डों की सीमा बदली, फाइनल लिस्ट जारी

**रपरिषद में करगेटा और डाल तिराहा शामिल, जानिए- आपका इलाका कहां आएगा**



चंद्र प्रताप सिंह चौहान

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सलूंबर नगर परिषद के 25 वार्डों के परिसीमन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस परिसीमन में व्यापक बदलाव हुआ है। परिसीमन में नगर परिषद क्षेत्र का भूगोल बदलने के साथ ही राजनीतिक परिदृश्य भी बदल जाएगा। मौजूदा ज्यादातर पार्षदों को चुनाव लड़ने के लिए नए सिरे से सियासी जमीन तैयार करनी होगी। डीएलबी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार- पिछली सरकार के समय बने 25 वार्डों की संख्या यथावत रखी गई है लेकिन नगर परिषद क्षेत्र की सीमाओं में विस्तार किया गया है। नए परिसीमन में 2005 के मास्टर प्लान के पेराफेरी क्षेत्र में आने वाले कुछ राजस्व गांवों को नगरीय सीमा में सम्मिलित किया गया है। ग्राम पंचायत डाल के राजस्व ग्राम करगेटा को सम्मिलित किया गया है, जिसमें डाल तिराहा, कलेक्टर ऑफिस, पुलिस थाना, जिला एसपी निवास आदि प्रमुख स्थान शामिल हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत धारोद के राजस्व ग्राम दूदर की सोनारिया बस्ती और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को भी नगर परिषद क्षेत्र में शामिल किया गया है।

**बड़ी खबर**

## उदयपुर और जयपुर में NHAI के ठेकेदारों पर IT रेड

# टीम घर और ऑफिस में खंगाल रही दस्तावेज; 5 राज्यों में एक साथ कार्रवाई

### उदयपुर में आयकर विभाग ने इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के सेक्टर 11 स्थित ऑफिस में छापा मारा





● **सागवाड़ा लाईव न्यूज़, संवाददाता चंद्र प्रताप सिंह** आयकर विभाग ने राजस्थान समेत देश के 5 राज्यों में रेलवे और एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के ठेकेदारों के ऑफिस और घर पर गुरुवार सुबह 6 बजे एक साथ छापा मारा। राजस्थान में जयपुर और उदयपुर और डूंगरपुर में 12 ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। जीआर इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के राजस्थान समेत 5 राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्यप्रदेश में कुल 40 ठिकानों पर सर्च चल रहा है। इसके अलावा राजीव कुमार विजय, विकास गर्ग, पेस इंफ्रा टेक और डिसेंट कॉन्ट्रेक्टर के ठिकानों पर भी जांच चल रही है। जीआर इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी हाईवे, रेलवे सहित कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम करती है। राजस्थान में भी कंपनी के कई ऑफिस हैं। आयकर विभाग की टीम कंपनी के उदयपुर स्थित 10 ऑफिसों पर आज सुबह 6 बजे पहुंची। अलग-अलग टीम हिरणमगरी सेक्टर 11 स्थित गवरी चौक और अंबामाता, कलड़वास में 2 जगह, मधुवन, सुखाड़िया सर्कल और गोवर्धन विलास क्षेत्र स्थित ऑफिसों पर दस्तावेज जांच रही है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पर आयकर आयुक्त भैराराम चौधरी के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। टीम में उप निदेशक अक्षय काबरा, सहायक आयुक्त माया चहर भी शामिल हैं। राजस्थान के अलावा जीआर इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी के हरियाणा, यूपी, गुजरात, मध्यप्रदेश में स्थित ऑफिसों में भी कार्रवाई की जा रही है। राजस्थान में इस कंपनी के करीब 16 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं। इसमें फलौदी-जैसलमेर, लाम्बिया-रायपुर, पारसोली-गुलाबपुरा, भीम-पारसोली, जोधपुर-बाड़मेर, सूरतगढ़-श्रीगंगानगर, जोधपुर-पाली, हनुमानगढ़-रतनगढ़, जोधपुर शहर, जोधपुर-पोकरण, रींगस सीकर आदि प्रोजेक्ट शामिल हैं। जयपुर के श्यामनगर इलाके में स्थित ग्लोबल बिल्डस्टेट के ऑफिस को इस कार्रवाई का मुख्य केंद्र बताया जा रहा है। टीम ने इससे जुड़े लगभग 10 सब ठेकेदारों के ठिकानों पर भी टीमें भेजकर जांच शुरू कर दी है। ठेका कंपनी का सालाना टर्नओवर करीब 8 हजार करोड़ रुपए का है। कंपनी के दफ्तर पर सुबह आयकर की रेड के बाद टीम ने उसके घर, दफ्तर और आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। जानकारों के अनुसार, यह रोड ठेकेदार कंपनी शेयर बाजार में लिस्टेड भी है। आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह जीआर इंफ्रा के सबलेट ठेकेदार श्रीबालाजी कंस्ट्रक्शन के डूंगरपुर ऑफिस और घर पर एक साथ छापेमारी की। टीम कंस्ट्रक्शन कार्यों से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही है। श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन नेशनल हाईवे और अन्य रोड बनाने काम करते है। ऐसे में आयकर विभाग की टीम कंस्ट्रक्शन कार्यों से जुड़े डॉक्यूमेंट के साथ ही उनमें लेनदेन की अनियमितताओं को खंगाल रही है।



## उदयपुर पुलिस ने दो गांजा तस्कर किए गिरफ्तार

**छोटे-छोटे पैकेट में कर रहे थे सप्लाई, धारदार हथियार बरामद**

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ उदयपुर में अंबामाता पुलिस और डीएसटी ने 4 किलो गांजा और धारदार हथियार के साथ 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजे को छोटे-छोटे पैकेटों में भरकर शहर के अलग-अलग इलाकों में बेचते थे। आरोपी जिस युवक से ये गांजा खरीदते थे, उसकी तलाश की जा रही है। अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सज्जन नगर निवासी निर्भय सिंह और अभय सिंह को हिरासत में लिया। दोनों के कब्जे से कुल 4 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा और मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे दो धारदार चाकू बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि यह अवैध गांजा उन्होंने कोटड़ा निवासी मुस्तकीम से खरीदा था। वे गांजे को छोटे-छोटे पैकेट में बांटकर शहर के विभिन्न इलाकों में बेचते रहे थे। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों और गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई से शहर में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी

## बालिका गृह सागवाड़ा एवं पल्लव संस्थान निराश्रित बालगृह, नन्दौड का आकस्मिक निरीक्षण"

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा किया औचक निरीक्षण





सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सुनील कुमार पंचोली, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के मनोज मीना सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष 2025-26 माह अक्टूबर की अनुपालना में गुरूवार को बालिका गृह सागवाड़ा एवं पल्लव संस्थान निराश्रित बालगृह, नन्दौड का आकस्मिक निरीक्षण' किया गया। मनोज मीना, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा बालिका गृह सागवाड़ा एवं पल्लव संस्थान निराश्रित बालगृह, नन्दौड में बालक-बालिकाओं के रहन-सहन में आ रही परेशानीयों आदि के संबंध में स्टाफ से जानकारी ली गई। उक्त संस्थानों में पेयजल की उचित व्यवस्था सहित, स्नान आदि दैनिक कार्या हेतु जल-आपूर्ति की समुचित व्यवस्था एवं संस्थान में परिसर स्वच्छ बनाए रखने हेतु दिशानिर्देश प्रदान किए गए । सचिव द्वारा गृहों में निवासरत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच का भी जायजा लिया। वर्तमान में मौसम मे हो रहे बदलाव को देखते हुए बच्चों को ओढने के लिए कम्बल एवं पहनने हेतु उचित कपडे उपलब्ध कराये जाने हेतु भी निर्देश प्रदान किए।












## सांसद राजकुमार रोत को फेसबुक लाइव के दौरान जान से मारने की धमकी, आदिवासी समाज में उबाल — आरोपी की गिरफ्तारी की मांग



संवाददाता | गुणवंत कलाल

सागवाड़ा लाइव न्यूज़ डूंगरपुर-बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के आदिवासी सांसद राजकुमार रोत को फेसबुक लाइव कार्यक्रम के दौरान खुलेआम जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना से सांसद के समर्थकों, शुभचिंतकों और आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सांसद राजकुमार रोत अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लाइव कार्यक्रम कर रहे थे। इसी दौरान चंद्रवीर सिंह नामक व्यक्ति ने लाइव के बीच में अत्यंत आपत्तिजनक और आपराधिक टिप्पणी करते हुए सांसद को जान से मारने की धमकी दी और यहां तक कि एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित करने जैसी भड़काऊ बयानबाजी की। यह घटना उस वक्त हुई जब सांसद रोत ने नाई थाना क्षेत्र में आदिवासी भूमि हड़पने के एक गंभीर मामले का खुलासा किया था। माना जा रहा है कि इसी खुलासे के बाद उन्हें यह धमकी दी गई। इस घटना को लेकर आदिवासी समाज और जनप्रतिनिधियों में भारी रोष देखा जा रहा है। भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय सदस्य पोपट खोखरिया के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने चौरासी थानाधिकारी रमेश कटारा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस कृत्य को भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया गया। साथ ही, इसे अनुसूचित जनजाति अत्याचार दौरान धमकियाँ दी गई थीं, लेकिन उस समय भी प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही धमकियों और प्रशासन की निष्क्रियता से यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण या मिलीभगत भी हो सकती है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि लोकतंत्र में आदिवासी समाज के जननायकों पर ऐसे हमले केवल उनके व्यक्तिगत जीवन पर नहीं, बल्कि पूरे संवैधानिक ढांचे और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और सांसद राजकुमार रोत को उचित सुरक्षा प्रदान की जाए। बैठक में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधियों में राष्ट्रीय सदस्य पोपट खोखरिया, मंजुला रोत, लालकृष्ण सरपोटा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद रोत, बीसीसी प्रभारी कौशिक रोत, पंचायत समिति सदस्य गोविंद रंगोत, जय रोत, दिलीप रोत, सरपंच लक्ष्मण रोत, सरपंच पंकज रोत, नरेंद्र रोत, योगेश रोत, कल्पेश रोत, लोकेश रोत, विनोद परमार, चंदूलाल खराड़ी, तुलसीराम हिरात, खेमराज यादव और ललित रोत सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि आरोपी चंद्रवीर सिंह को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा सांसद राजकुमार रोत की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज जिलेभर से पांच सौ से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



गुणवंत कलाल- सागवाड़ा लाईव न्यूज़ चौरासी(डूंगरपुर) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नागरिया पंचेला में 69वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधान कारीलाल ननोमा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री ईश्वरलाल लबाना, मंडल अध्यक्ष महावीर ननोमा, जिला प्रवक्ता राजेश प्रजापत, मंडल अध्यक्ष महावीर ननोमा, प्रवीण रोत,महेश डामोर, सीबीईओ असलम अली खान सहित कई जनप्रतिनिधि और खेलप्रेमी मौजूद रहे। मुख्य निर्णायक कान्तिलाल रोत ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर के 510 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विभिन्न आयु वर्गों में दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक और ऊँची कूद जैसी स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार भट्ट ने किया। मुख्य अतिथि सुशील कटारा ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, मेहनत और संघर्ष की सीख भी देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी आज राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। नागरिया पंचेला में छात्रावास खुलवाने के लिए मैं पहल करूंगा।" कार्यक्रम के अंत में एसीबीईओ बसंत लाल रोत ने सभी अतिथियों का आभार जताया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

## 2 हिस्ट्रीशीटर सहित 6 आरोपी गिरफ्तार, 6 पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस बरामद



**सागवाड़ा लाइव न्यूज़ संवाददाता / हरिमोहन चोडावत,**

झालावाड़ जिले की झालरापाटन थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 2 आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं। आरोपियों के कब्जे से 6 देशी पिस्टल (कट्टे सहित) और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। झालावाड़ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि डीएसपी हर्षराज सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने झालरापाटन थाना क्षेत्र की विभिन्न जगहों पर दबिश देकर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह सरगना लालू खटीक निवासी झालरापाटन, हिस्ट्रीशीटर हाफिजुल्ला निवासी सुसनेर (मध्यप्रदेश), नंदा गुर्जर, बालसिंह, देवसिंह और रामनारायण दांगी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 देसी कट्टे, 3 देसी पिस्टल और 8 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मध्यप्रदेश से हथियार लाकर राजस्थान में सप्लाई करते थे। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि ये हथियार किन लोगों को और किन क्षेत्रों में पहुंचाए जाने वाले थे। एसपी अमित कुमार ने बताया कि यह गिरोह लंबे समय से राजस्थान-मध्यप्रदेश सीमा क्षेत्र में सक्रिय था और इन पर पहले भी अवैध हथियारों की तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के संपर्क सूत्रों और खरीददारों की पहचान में जुटी है। इस कार्रवाई में डीएसपी हर्षराज सिंह, थानाधिकारी झालरापाटन, तथा पुलिस टीम के अन्य जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है। इस बड़ी सफलता के बाद जिलेभर में पुलिस की अंतर्राज्यीय अपराध नियंत्रण अभियान को और तेज किया जाएगा।

# कोटा निगम की बैठक में आमने-सामने हुए मेयर और डिप्टी

## माइक के लिए जद्दोजहद करते रहे पार्षद, नेता प्रतिपक्ष ने हाथ तक नहीं लगाने दिया





बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद ही डिप्टी मेयर सोनू कुरैशी अपनी बात रखी।

● कोटा, संवाददाता/ कोटा में नगर निगम कोटा उत्तर की बोर्ड की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। इसमें रोचक बात देखने को मिली कि एक ही पार्टी के मेयर और डिप्टी मेयर आमने सामने हो गए। वहीं, नेता प्रतिपक्ष और वेलफेयर पार्टी के पार्षद के बीच माइक को लेकर विवाद चलता रहा। बैठक में विकास कामों को लेकर चर्चा होनी थी लेकिन उससे ज्यादा चर्चा मेले में कव्वाली, मुशायरा और गजल कार्यक्रम नहीं होने को लेकर हुई। इस पर मेयर और डिप्टी मेयर के बीच कहासुनी भी हुई।डिप्टी मेयर ने इस मुद्दे को उठाया जिसके बाद कांग्रेस के कई पार्षदों ने इस मुद्दे को लेकर चर्चा करने की बात कही। इधर, बीजेपी पार्षद यह कहते रहे कि ये बोर्ड की बैठक है मेला ससमित दरअसल, कोटा मेले दशहरे में हर साल कव्वाली, मुशायरा का कार्यक्रम होता है। लेकिन इस बार इन कार्यक्रमों को हटा दिया गया। इसे लेकर शुरू में भी विवाद हुआ था, ज्ञापन दिए गए थे लेकिन कार्यक्रम आयोजित नहीं करवाए गए। बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद ही डिप्टी मेयर सोनू कुरैशी ने यह कहते हुए अपनी बात रखी कि इस बार मेले में हर साल होने वाले कव्वाली, मुशायरा के कार्यक्रम नहीं करवाए गए है। मेले का राजनीतिकरण कर दिया गया है। इससे लोगों में नाराजगी है। इस पर यह बात तय की गई थी, पार्षद विरोध कर रहे थे उस समय क्यों मेयर ने इस बात का विरोध नहीं किया। इस पर मेयर मंजू मेहरा ने कहा कि मैंने तो अपनी बात रखी थी। डिप्टी मेयर ने मेयर से कहा कि आपने क्या बात रखी थी, हमारे साथ क्यों खड़ी नहीं हुई। आपका को कुछ पता ही नहीं था। मेयर ने कहा कि ज्ञापन देने गए थे तो मुझे बताकर गए थे क्या, मुझे बताते तो मैं साथ चलती। इसी बात को लेकर पार्षदों और मेयर में बहस होती रही। मेयर ने इस सबंध में मेला अधिकारी को जवाब देने के लिए कहा। इसी दौरान हंगामा, शोर होता रहा। मेला अधिकारी कुछ कहते इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा बोले कि यह बोर्ड की बैठक है। इन मुद्दों पर तो बाद में भी बात कर सकते हैं लेकिन अभी जो एजेंडा है उस पर बात करनी चाहिए। इनको विरोध जताना था तो पहले जताते, मेला समिति की बैठक में जाते वहां विरोध जताते, वहां अपनी मांग रखते। इसके बाद बीजेपी पार्षदों की तरफ हो हल्ला शुरू हो गया कि एंजेडों पर बात की जाए।इसी दौरान वार्ड 52 के पार्षद मोहम्मद आसिफ मेले का राजनीतिकरण बंद करो, लिखा बैनर लेकर आ गए। मेयर ने कहा कि आगे से ऐसा न हो इसका ध्यान रखा जाए और अगर संभव हो तो ये कार्यक्रम अब भी करवाए जा सकते है। इस पर मेला अधिकारी ने मेला समिति तक बात पहुंचाने की बात कही। कांग्रेसी पार्षदों ने हंगामा करते हुए कहा कि साफ सफाई वार्डों में हो नहीं रही। रोड लाइटें खराब है। सफाई कर्मचारी मिल नहीं रहे है। इस पर मेयर ने कहा कि जहां जहां से शिकायत आ रही है वहां टीपर भिजवा रहे है। इस पर महिला पार्षदों ने कहा कि आप झूठ बोल रहे हो। वार्ड के लोग तो हमे गालियां देते है। इसके बाद इस मामले को लेकर अधिकारियो से जवाब तलब किया तो अधिकारियों ने कहा कि ये सही है कि टीपर की कमी आ रही है लेकिन जहां भी जरूरत होगी, भले किराये से ले लेकिन वार्डो में लगाएंगे, दीवाली का त्योहार पास में है, वार्डों में गंदगी नहीं रहने देंगे। बैठक शुरू होने के साथ ही मेन माइक को नेता प्रतिपक्ष ने ले लिया था। वह अपनी बात बोलते रहे। लेकिन दूसरे पार्षदों की सीटों पर टेबल माइक लगे हुए थे, जिनसे आवाज तेज नहीं आती। इसके अलावा हंगामे में आवाज दब रही थी। पार्षद मोहम्मद आसिफ बार-बार लव शर्मा से माइक मांगते रहे, लेकिन उन्होंने माइक नहीं दिया। पार्षद ने माइक लेने की कोशिश की तो लव शर्मा ने हाथ पकड़कर मना कर दिया कि माइक की जरूरत नहीं है। इसके बाद कांग्रेस के कई पार्षद माइक मांगते रहे, लेकिन माइक नेता प्रतिपक्ष के पास से दूसरी सीट तक नहीं गया। सागवाड़ा लाईव न्यूज़/

# गौवंश हत्या के प्रकरण का खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार



सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ बूंदी संवाददाता अभिषेक । दबलाना थाना क्षेत्र के नंदगाव में उडान नदी मे गोवंश की हत्या के प्रकरण का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन अभियुक्त अरबाज, गुलजार उर्फ बल्लु, सरफराज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिला पुलिस पुलिस अधीक्षकराजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि 19 सितंबर को नन्दगांव की उडान नदी में एक गोवंश के पैर, सिर कटे हुए मिले थे। ग्रामीण द्वारा नदी में गोवंश की हत्या कर उसका सीर ओर पैर डालने व शेष अवशेष को ले जाने के संबंध मे रिपोर्ट दी गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर सुंसगत धाराओं मे प्रकरण दर्ज कर अनुसधान शुरु किया गया ।गोवंश की हत्या की घटना की गम्भीरता को देखते हुए प्रकरण मे संलिप्त मुल्जिमानों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया। भोतिक साक्ष्य संकलन हेतु मोके पर एफएसएल टीम कोटा, एम.ओ.बी. टीम एवं डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया। तकनीकी साक्ष्य का संकलन कर गहन विश्लेषण किया गया। डीएसटी टीम सहित थाना दबलाना की पुलिस टीमों द्वारा लगातार तकनीकी साक्ष्यो का संकलन कर विश्लेषण करने पर संदिग्ध अलोद निवासी अरबाज पुत्र अख्तर अली , गुलजार उर्फ बल्लु पुत्र अब्दुल कयुम, पुरानी टोंक निवासी सरफराज पुत्र सलीम अहमद से गहन अनुसंधान किया गया। जिन्होने घटना को अंजाम देना बताया इस पर तीनो मुल्जिमान को गिरफ्तार कर अग्रीम अनुसंधान जारी है। कार्यवाही करने वाली टीम में हिंडोली वृताधिकारी अजीत मेघवंशी, दबलाना थाना अधिकारी तेजपाल सैनी, सउनि प्रभावी डीएसटी रणवीर सिंह बून्दी, सउनि बालकृष्ण दीक्षित, हैड कानि भंवर सिंह हैडकानि हरिराम, कानि विक्रम, गोपाल, शेलेन्द्र, कुलदीप, महेन्द्र, हैड कानि महेश, राकेश बैसंला, टीकम चन्द् सउनि रघुराज सिंह, हैडकानि भंवरसिंह, रामचरण, कानि जसराज विरेन्द्र, हंसराज, हिरालाल, जितेन्द्र शामिल हैं ।







# डूंगरपुर टीम ने बारां को 114 रन से हरायाः पिंटू वैष्णव ने बनाए सर्वाधिक 90 रन, सुभान खान ने लिए 3 विकेट



राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) द्वारा आयोजित अंडर-16क्रिकेटटूर्नामेंटमेंडूंगरपुरजिलाक्रिकेटएसोसिएशन की टीम ने बारां जिला टीम को 114 रनों से हरा दिया। जिला क्रिकेटसंघकेसचिवसुशीलजैननेबतायाकिडूंगरपुरकीटीमने पहले बल्लेबाजी करते हुए 300 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।टीमकेलिएपिंटूवैष्णवने90रनकीशानदारपारीखेली, जबकियुवराजशर्माने60रनबनाए।लक्ष्यकापीछाकरनेउतरीबारांकीटीमनेअच्छीशुरुआतकी,लेकिन डूंगरपुरकेगेंदबाजोंकेसामनेज्यादादेरटिकनहींपाईऔर186रनपरऑलआउटहोगई।डूंगरपुरकीओर सेसुभानखानने3विकेटलिए।अरमानयादवऔरधैर्यपटेलनेभी2-2विकेटलेकरटीमकोजीतदिलानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत से डूंगरपुर टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। अब टीम का अगला मुकाबलाशुक्रवारकोकरौलीटीमसेहोगा।

# कोटा में बिजली कंपनी की गाड़ी पर चढ़ी महिला,: घंटों तक लाइट सप्लाई बंद रहने से परेशान थीं, टीम पहुंची तो भड़क गई



कोटा संवाददाता सखी/ कोटा के परकोटा घंटाघर क्षेत्र में बिजली गुल होने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लगातार कई घंटों तक बिजली सप्लाई बंद रहने से परेशान महिलाओं ने बिजली कंपनी KEDL की टीम को घेर लिया। जमकर हंगामा किया। KEDL की टीम घंटाघर के निचले क्षेत्र में मरम्मत कार्य के लिए पहुंची, तभी इलाके की महिलाएं भड़क गईं। उन्होंने टीम की गाड़ियों को रोक लिया, उनके आगे बैठ गईं। एक महिला गाड़ी के ऊपर चढ़ गई। इस दौरान महिलाओं ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों से जमकर बहस भी की। हंगामे की सूचना मिलते ही मकबरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह महिलाओं को समझाकर माहौल शांत कराया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बिजली गुल होने की वजह ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी बताई जा रही है, जिसे दुरुस्त किया गया। वहीं, बीती रात भी बिजली समस्या को लेकर लोगों ने KEDL ऑफिस में हंगामा किया था। उस दौरान डिप्टी मेयर सोनू कुरैशी मौके पर पहुंचे थे। अब इस मामले में मकबरा थाना पुलिस डिप्टी मेयर सोनू कुरैशी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर प्रकरण दर्ज करने की तैयारी में जुटी है।